विज्ञापन ।

इस किताबकि छपानेमें वा संसोधन करनेमें कोई तरहका हरफ लगमात्र का भूल हुवा होय तो मुजे मिछामीं दुकड होय वा सज्जन पुर्ष सुद्ध माञा कारके मणानेमें ल्यावे भूल चूक दुसरी आवृत्तीमें सुद्ध की जायगी पाठक भूल चूक पर तरक न करे ।

इस किताबमें सहायता देनेवाले महासयोंकि नाम । बाबू

तेजपालजी वृधीचन्दजी सुराणा मु० चूरू ।

रुकमानन्दजी उदैचन्दजी सुराणा मु० चूरू ।

भीकमचन्दजी चोरड़िया मु० सरदार सहर

बुद्दमलजी मींचा मु० सरदार सहर ।

भीकमचन्दजी छाजेड मु० सरदारसहर

जोरावरमल्ल बयद मु० रतनगढ़

THE INDIAN ART SCHOOL, CALCUTTA

॥ श्री ॥

॥ श्रीजिनेश्वरदेवाय नमः ॥

अथश्री चौवीस जिन सत्वन ॥ राग० कैसे जीउ मेरी ज्यान सजन विन कैसे जीउरे ॥ एदेशी० ॥ कुण तारे भवपारजी जिनंद विन कुण तारे भवपार ॥ एआं० ॥ ऋषभ अजित संभव भजोरे ॥ अभिनंदन सुविलास ॥ सुमति पदम सुपास जोरे ॥ चंद रंग्यां शिववास ॥ जिनन्द ॥ १ ॥ सुबुद्धि शीतल श्रीयांशजीरे ॥ वास पुज्य भगवंत ॥ विमल अनन्त धर्म सांत जीरे ॥ प्रणमत भवको अन्त ॥ जिनन्द० ॥ २ ॥ कुंथु अरी मल्ली तणोरे ॥ समर्या है सुखकार ॥ मुनिसो व्रत जिनराज कैरे ॥ चरणांको आधार ॥ जिनन्द० ॥ ३ ॥ नमीनाथ एकवीस

मांरे ॥ प्रभु मोटा जगदेव ॥ दुःख दोह्ग दूरे टलैरे ॥ ज्यो सारै तुमसेव ॥ जिनन्द० ॥ ४ ॥ नेमीनाथ बावीसमारे ॥ यतुल बली अरिहंत ॥ राजुलदेको छाड़ केरे ॥ शिव वधुवेग बरन्त ॥ जिनन्द० ॥ ५ ॥ पार्श्वनाथ इद्व मांज जीरे ॥ सर्व जिनन्द चोवीस ॥ भजन करो भवि जीवडा रे ॥ तो शिव विसवा बीस ॥ जिनन्द० ॥ ६ ॥ सम्बत उगणीसै छासठैरे ॥ वैसाख सुदी बुधवार ॥ जोरावर एकम तिथिरे ॥ प्रणमत बारंबार जिनन्द० ॥ ७ ॥ इति० ।

अथवीस बहरमान सत्वन ॥ राग० ॥ कंथ तमाखु छोड़ दे ॥ मुखड़ा मैं आवै बासजी ॥ आलीजा तमाखु छोड़ दे ॥ एदेशी० प्रात उठो भजिये भवि ॥ प्रभु बहरमान जिन बीसजी ॥ प्रा० एआं० ॥ श्री सीमंद्र साहिबा । दुजा युगमन्द्र देवजी ॥

भाग्य वली नर जेहके। ते सारे नित प्रत सेवजो ॥ प्रा० ॥ १ ॥ बाहु सुबाहु गुण नीला। सुजात जगतनो ईसजो ॥ स्वयं प्रभु मोटा महि। जिण जीत्या रागनेरी सजो ॥ प्रा० ॥२॥ ऋषभानन्द आनन्दकर। अनन्त वीर्य गुणखानजो ॥ सूर प्रभु सेव्यां-थकां। कोइ पामे पद निरवाणजो ॥ प्रा० ॥ ३ ॥ वीशाल प्रभु वैरागीया। बजरधर बज्र समानजो ॥ घातो कर्मांने खयकरो। प्रभु पाम्यां केवल ज्ञानजो ॥ प्रा० ॥ ४ ॥ चंद्रा नन्दजी बारमां। चन्द्र बाहु रह्यां सुखकार जो ॥ भुजंग प्रभु भय मेटिया। जिण वरी शिव सुन्दर नारजो ॥ प्रा० ॥ ५ ॥ ईश्वरजी जगदीश्वरू। श्रीनेमीश्वर जिनराय जो ॥ वीरसेन महाभद्रजो। ज्यांरा लुल २ पूजो पायजो ॥ प्रा० ॥ ६ ॥ देव जश दीवाकरु उद्योत करण संसारजो ॥ अजित वीर्य जिन

बीसमां । ज्यांने वांदुं बार हजारजी ॥ प्रा०
॥७॥ एह बीस वहरमान साश्वता । जघन
पदे अवधारजी ॥ उत्कृष्टा शत साठही ।
वीचरै महा विदेह मंभारजी ॥ प्रा० ॥ ८ ॥
प्रभु चौतीस अतिशय दीपती ॥ कोईवांणी
गुण पैंतीसजी ॥ फिटक सिंहासन वैसणो ।
आप जीवांना जगदीसजी ॥ प्रा० ॥ ९ ॥
प्रभुलख चौरासी पुरवां आयु परमाण वि-
चारजी ॥ सहुनो आयु एकसो । नहीं कोइ
फेर लिगारजी ॥ प्रा० ॥ १० ॥ पभु महा
विदेहमें वस रह्या । हुं वसुं भर्थ खेत मंभा-
रजी ॥ आवन सक्त महारी नहीं । थांरो
नाम जपुं जयकारजी ॥ प्रा० ११ ॥ जोरा-
वरकी वीनती । थे मांनो प्राण धारजी ॥
मुजमन भाव जाणी रह्या ॥ प्रभु ज्ञानतणे
अनुसारजी ॥ प्रा० १२ ॥ उगणीसैं पैंसठ
समैं । कांई पोष शुक्ल पक्षसारजी ॥ नवमी

तिथ गुरुवारनै गुण गावत हर्ष अपारजी ॥ ॥ मा० ॥ १३ ॥ इति० ।

अथ ऋषभ जिन स्तवन ॥ राग० ॥ साहेब कैसैं करुं तोय राजी ॥ एहहरजसकी चालमें ॥ देशी० ॥

ऋषभ जिन कैसैं करुं तोयराजी ॥ पांचु चोर करे कुफराना मोह बड़ो है पाजी ॥ ऋष० एआं० नाभिके नन्दन जगतके वंदन तुमकों कैसें पाउं ॥ कर्मोंके संग फिरुं भटकतो भव भव गोता खाउं ॥ ऋष०॥१॥ में चेतन अनाथ प्रभुजी ॥ कर्म कुबुद्धि अति भारी ॥ तिणसें फिर कुगुरां भरमायो ॥ भूल गयो सुधसारी ॥ ऋष० ॥ २ ॥ अब कछु पुन्य अंकूर प्रगट भयो ॥ साचा सत्त गुरुपाया मुज ऊपर कृपा हदकीनी ॥ तोरा स्वरूप बतलाया ॥ ऋष० ॥ ३ ॥ एह संसार असार जिनुंमें ॥ तुज समर्ण सुखकारी ॥ एही धार तुज

रटना लगाई ॥ निसदिन सांझ सवारी ॥ ऋष० ॥ ४ ॥ जोरावर भज आद जिनन्द पद ॥ तन मन अति हुलसाई ॥ भजन करे बिन पार न पावे ॥ या सत्त गुरु फरमाई ॥ ऋष० ॥ ५ ॥

अथ श्री बर्द्धमान जिन स्तवन ॥ राग० सोरठी ॥ एरी जसोदा तोसैं लरंगी लराई ॥ एदेशी० ॥

एरी जिनन्दा तोसे अर्ज हमारी । तुज स्मरण करूं ऊठ सवारी । एरी० एआं० राय सिद्धार्थघर अवतारी ॥ टसला देजी तुज महेलारी ॥ एरी० ॥ १ ॥ जन्म महोत्सव सुरपति आरी ॥ मंगल गावत दीसाजी कूंवारी ॥ एरी० ॥ २ ॥ बहुविध वृद्धि थई तिवारी । वर्द्ध मांन तब नाम दियारी ॥ एरी० ॥ ३ ॥ कर अंगुष्ट करिमेर कंप्यारी ॥ म्हावीर जब नाम भयारी ॥ एरी० ॥ ४ ॥ जग सुख जहरसमा परिछारी ॥ वैरागधर संयम व्रतधारी ॥ एरी०

॥ ५ ॥ बहु बिध तपकर कर्म खपारी ॥ध्यान धरी केवल उपजारी ॥ एरी० ॥ ६ ॥ दिस विदिसांमें कियो बहु उपगारी ॥ गोतमादिक एकादश गणधारी ॥ एरी० ॥ ७ ॥ चउदै संहस मुनिश्वर तारी ॥ आर्यांतणी छतीस हजारी ॥ एरी० ॥ ८ ॥ कामदेव आद श्रावक विचारी ॥ एक लच्छ गुण सठ संहस उद्धारी ॥ एरी० ॥ ९ ॥ तिरलच्छ सहंस अष्टा दश सारी ॥ रेवती आद श्राविका तारी ॥ एरी० ॥ १० ॥ लाखांको डां सुलभबोधि कीयारी । श्रेणकादिक दृढ़ समकित धारी ॥ एरी० ॥ ११ ॥ कोणक भक्त भयो तुज भारी ॥ तेह नो आप कियो निस्तारी ॥ एरी० ॥१२ ॥ तुमताखा ज्यांरो पारन पारी । पिण अब आई हम तणी वारी ॥ एरी० १३ ॥ प्रगट करण तुम समर्थ धारी ॥यह ऋद्धि करूं भेट तुमारी ॥एरी०१४

युग सावन बद एकम सारी ॥ जीरायर प्रभुके गुणगारी ॥ एरी० ॥ १५ ॥ इति० ॥

अथश्री भिक्षणजी स्वामीके गुणांको स-स्वन ॥ प्रभु जाय चढ़े गिरनारीरे। वोने छाड़ि है राजुल नारी। सुणी पशु पुकारी दया चित धारी। वारी ममताकों मारी बीसारी ॥ एदेशी० ॥ प्रभु भिक्षु भये अवतारीरे। इण पंचम आरे मंझारी ॥ बहु जीव उद्धारी किया भवपारी। ज्यांरो सरण सदा सुखकारी ॥ एआं० गणि सुत्र सिद्धांत के भेद भिनो भिन ॥ खोल किया निस्तारी ॥ अन्य मत्तकों छोड दीना। प्रभु सुद्ध थया अणगारी ॥ प्रभु सुद्ध थया अणगारीरे ॥ इण० ॥ १ ॥ गणि देश विदेश विचर भविताखा। सुलभ किया नरनारी ॥ जड मुढने सीधाकीना। ज्यांरी भिंतर खोड निवारी ॥ ज्यांरी०

दूण० ॥ २ ॥ पाखंड भेख बध्या बहुतेरा। ज्यांनै चरंचासुं जीत विडारी ॥ सुद्व मार्ग प्रगट कीना। प्रभु वीरवचन उरधारी ॥ प्रभु० दूण० ॥३॥ दोय अनुकंपके भेद बताया। दया दानको कियो विचारी॥ सावज्ज निरवद्य का छाण कीना। कियो ज्ञान भान उजियारी ॥ कियो० दूण० ॥ ४ ॥ चरमजिनंदनो सांसन दिपायो। गणि किया घणा उपगारी ॥ बहु प्रबंधबांध दीना। प्रभु च्यार तीर्थ हितकारी ॥ प्र० दूण० ॥ ५ ॥ जोरावर गुण गाय यथार्थ। प्रण मतवार हजारी। तुज चरण सरणामें लीना। थयो आनंद हर्ष अपारी ॥ थयो० दूण० ॥ ६ ॥ सम्वत उगणीसे पैंसठ बरसे पौष शुक्ल पच्चसारी ॥ गुण गाय खुसीभया सीना। जाउं बार बार बलिहारी ॥ जाउं० दूण० ॥ ७ ॥ इति०

अथ श्री डालचंदजी महाराजके गुणांकी ढाल१ पहली० राग ॥ मल्हार० तथा पीलु तथा ठुमरी तीन चाल में० ॥

डाल गणि मैंतो दर्श तिहारो ॥ पेखत प्रगट्यो हर्ष अपारो ॥ डाल० एषां० निस दिन लाग रही मुज मनमें ॥ कब देखूं प्रभुके दीदारो ॥ डाल० ॥ १ ॥ अन्तराय कर्म कछु दूर भये जब ॥ आन मिल्यो अवसर दर्शणांरो ॥ डाल० ॥ २ ॥ धन्य घड़ी धन्य भाग्य हमारो ॥ भेट्योमें नन्द कन्हीयाको प्यारो ॥ डाल० ॥ ३ ॥ चरण कमल फरसित हियो हर्षित ॥ तन मन विकस रह्यो अति म्हांरो ॥ डाल० ॥ ४ ॥ मैं पापी तुम तारन हारो ॥ भवसायर थी पार उतारो ॥ डाल० ॥ ५ ॥ तुम हो दीनानाथ जगतके ॥ असरणको सरणागत थांरो ॥ डाल० ॥ ६ ॥ तुम सम तारक नांही जगतमें ॥

मुजकर चढ़ीयो रब हजारी ॥ डाल० ॥ ७ ॥
जोरावर भज डालचन्द पद ॥ लुल २
ध्यावत सांझ संवारो ॥ डाल० ॥ ८ ॥ उग-
णी सैं छासठ शुभ सम्वत ॥ अक्षय तृतीया
दिन आनन्द अपारो ॥ डाल०॥ ६ इति० ॥

अथ ढाल२ दूसरी० राग थीयेटर की०

पल पल तन मन धनवारो ॥ एचाल में० ॥
पल २ नित समरन धारो २ ॥ प्रान प्यारो
डाल तिहारो ॥ दर्शनवाके परसन वासें
मनवा मगन भयो ॥ तन मन विकसित
सारो ॥ पल० एआं० भिक्षु गणिंदको पाट
सातमों डाल दीपा वनझारो॥ मात जड़ाव
कनइयाको नन्दन ॥ लागत मुजकुं प्यारो ।
पल० ॥१॥ च्यार तीर्थं नित करता दर्शन ॥
पेखत तुम दीदारो ॥ अमृत वैन सुणी
भविजन बहु सफल गिणे अवतारो ॥ पल०
॥ २ ॥ पारसकी संगत करवे सुं लोह

कंचन हुवै सारो ॥ तुम संगत शिव सुख कुं पावै ॥ दुःखसें हो छुटकारो । पल०॥३॥ पोत प्रसंगे सागर मांही ॥ पहुंचै पहूले पारो ॥ भव सागर बिच जहाज समां तुम। पार उतारन हारो । पल० ॥४॥ कल्पवृक्ष सम आशा पूरण। चिंत्या चुर्ण मंदारो । तुज गुण ज्यो तन मन सुं गावे। कर देवो खेवो पारो। पल० ॥ ५ ॥ अभय दान जीवों कों आपो। तुम सम कौन दातारो ॥ जोरावर पर मेहर करिनें। द्यो शिवपद सुखकारो । पल० ॥ ६ ॥ पैंसठ पौष शुक्ल तिथि द्वितीया। कलकत्ता सहर मंझारी। श्रीगुरुदेव तणां गुणगाया । प्रगट्यो आनन्द अपारो। पल० ॥ ७ ॥ इति० ।

अथ ढाल३ तीसरी राग० जवाडूकै भांगकै गीतकी बचनारो बांध्यो ढोलोकद्योय न माने ॥ पदेशी० बांन्दोरे सुन्यानी जीवड़ा

डाल गणि वान्दो ॥ बन्दत प्रम आनंद लो ॥ भेटत शिव सुख कंद लो ॥ सुख जिम पूनमचंद लो ॥ श्रैसोरे उपगारी स्वामी डाल गणि वान्दो ॥ भविजनको प्यारो मुनि-वर डाल गणि वांदो ॥ एश्रां ॥ चाद जिनंद ज्युं भिक्षु अधिक उजागर ॥ पंञ्चम आरे मंझार लो ॥ धर्म प्रगट कियो बहु भवि-तारा ॥ जिन सांसण उजियार रो ॥वांदो॥ ॥ १ ॥ तसपट सप्तमें डाल मुनिंदा ॥ च्यार तीर्थ आधारलो । दर्श पियारो ज्यांरो जे कोइ पावे ॥ पुन्य प्रबल तसुआर लो ॥ वांदो ॥ ॥ २ ॥ समो सरण विच जिनवर सोहै ॥ भविमन मोहै अपार लो ॥ जिम इण आरे आप जिनवर जेहवा ॥ ज्ञानसीरोमण सार लो ॥ वांदो ॥ ३ ॥ सभा सुधर्मी इन्द्र दिपावे ॥ जिम जिन सांसण आंयलो ॥ भिक्षु गणिंदरो तखत दिपावो ॥ थांरो दिन

दिन तेज सवाय लो ॥ बांदो० ॥ ४ ॥ सुर नर मुनि थांरो दर्शन चावै ॥ ध्यान धरै सुभ कारलो । दीनदयाल गोवाल कृपानिधि भविजिव तारण हारलो ॥ बांदो ॥ ५ ॥ प्रात उठीने थांरो समर्ण करसी ॥ तेलइसे भवपार लो ॥ दुःख संकट ज्यांरै कदेयन थासी ॥ आवा गमन निवार लो ॥बांदो०॥ ॥६॥ सम्बत उगणीसै छासठ बर्षे ॥ श्रावण धुरपच्छ सारलो ॥ पंचमी तिथ जोरावर थां सुं बिनवै बार हजार लो ॥बांदो०।७।इति०

अथ ढाल४ चौथी ॥ राग० हरजस को०

राम नाम रस पीजे पीजे पीजेरे पीजे रस पीजे ॥ एचालमें० डाल नाम रट लीजे लीजे लीजेरे लीजे रस पीजे ॥ थांरो बंछित कार्य सीझे २ सीझेरे सीझे रस पीजे ।एआ० निंदा बिकथा आलस तजके ॥ नरभव लाहो लीजे २ लीजेरे लीजे रस पीजे ॥

डाल० ॥१॥ कुगुरु कुदेव कुधर्म कुमारग ॥ प्रबल हीन नही दीजे २ दीजेरे दीजे रस पीजे ॥ डाल० ॥ २ ॥ डाल गुरुकी संगत करके ॥ प्रभु चरचा नित कीजे २ कीजेरे कीजे रस पीजे ॥ डाल० ॥ ३ ॥ ऐसा गुरु पडि लाभ हाथसें ॥ सकल मनोरथ सीजेर सीजेरे सीजे रस पीजे ॥ डाल० ॥ ४ ॥ ऐसा गुरुकी देसन सुणके । ज्ञान सुद्धा रस्त पीजे २ पीजेरे पीजे रस पीजे ॥ डाल० ॥ ॥५॥ एह संसार असार जाणकर ॥ सुकृत करणी कीजें २ कीजेरे कीजे रस पीजे ॥ डाल० ॥ ६ ॥ जोरावर सुगुरु सेव्यां थी ॥ प्रभ प्रमातम रीजे २ रीजेरे रीजे रस पीजे ॥ डाल ॥ ७ ॥ इति० ।

अथ ढाल ५ पांचमी० राग० कजरीकी० भोला छाय रहे काशीमें गिरज्यां पारवती की संग ॥ एदेशी० ॥ तुम ध्यावोरे सुज्ञानी ॥

नित उठ नंद नंदके नंद। नंद नंद आनंद कंद घर ॥ जन्म लियो सुखकंद ॥ तुम० ॥एआं०॥ सहर उज्जेणी देश मालवो। ओश बंस छांजंद ॥ तुम० ॥१॥ पीपाडांके कुलमें गणिवर ॥ पायो नाम जबरंद ॥ तुम० ॥ २ ॥ अनुक्रमें थया वर्ष चतुर्दश। छोड़ दिया गृह फंद ॥ तुम० ॥ ३ ॥ बहु सुत्र सिद्धान्त सीख गणि ॥ देश २ बिचरंद ॥ तुम० ॥ ४ ॥ चोपन माघ बदी द्वितिया दिन। गणिपद हद पावंद ॥ तुम० ॥ ५ ॥ सर्व संतोंमें सोभ रह्या है। जिम उडुगणमें चंद ॥ तुम ॥६॥ धीर वीर वाणीं ज्युं क्षीर ॥ गणि गहरा जेम समंद ॥ तुम० ॥ ७ ॥ हुवा कलु कालमें जिनवर जेहवा। तप रह्यो तेज दिनन्द ॥ तुम० ॥ ८ ॥ मुलक २ में डंको वाज रह्यो। पाखण्ड पड गयामंद ॥ तुम० ॥ ९ ॥ दूर दूरके आवे जातरी। दर्शनकों जन वृन्द।

॥ तुम० ॥ १० ॥ तुज बदन कमल दीदार पेख ॥ भवि रोमराय हुलसंद ॥ तुम० ११॥ जोरावर तोरा गुण गावै। हुलस २ पय-बंद ॥ तुम० ॥ १२ ॥ द्वितीया सावन बद एकम दिन। लाडणुं सहर अमंद ॥ तुम० ॥ १३ ॥ इति०।

अथ ढाल ६ छठी राग० माढ० तोरे दांतकी बतीसी ढोला ऐसी प्यारी लागै ॥ तोरी आंख रसीली ढोला सुरमों प्यारी लागैजी। छल बलिया ढोला आन जगाई वैरी नींदमैं ॥ लस करीया ढोला ॥ परदेशाँ०॥

यश धारी गणपत थांराजी चरणांमें म्हारो जीवजी। बस रह्यो नित, प्रतही। कान्ह नंदनजी सुं लागी म्हारी प्रीतजी॥ एचां०॥ तोरे सांसनकी छबिभारी। नीकी प्यारी लागै॥ तोरी मुद्रा मोहनी स्वामी। मुजनै प्यारी लागैजी॥ यश०॥ १॥ अधम

उद्धारन नाथ निरंजन। भव भंजन भग-
वंत॥ पाखंड गंजन। भवि मन रंजन॥
जिन मग सांचे महंतजी॥ यश०॥ २॥
षट्दश षोपम ओपै गणपत। उत्तराधेन
मंझार॥ बेपरकार छतीस गुणाधर॥ सुव
आवश्यक सारजी॥ यश०॥ ३॥ मेरु सो
धीर सयंभु सो गंभीर। तन तावनकौं सूर॥
ज्ञान उज्जास प्रगट कियो जब। भागगयो
अघ भूरजी॥ यश०॥ ४॥ षट् खंड ज्युं
षट् मत्त भणी तुम। साझ लिया अरिखंत॥
शील अखंडित पालतागणि। नव निद्धि
आठ सोहंतजी॥ यश०॥ ५॥ दूषा कलु
कालमें तुं धणीजी। तुं देवन पति देव॥
चिन्ता चूरन आशा पूरन। मैं करता तुम
सेवजी॥ यश०॥ ६॥ छासठ सावन युग
बदी पांचम। लाडयुं सहर सवाय॥ जोरा-
वर तोरा गुण गावै॥ लुल लुल शीश

सुणायजी ॥ यश० ॥ ७ ॥ ॥ इति० ।

अथ ढाल ७ सातमी० राग० विहाग०

चंदा प्रभु भेटत भव दुःख जावै ॥ एदेशी०

प्रभु तोरा च्यार तीर्थ गुण गावै । थांरै सुख साता नित चावै ॥ प्र० एआं० ॥ श्री भिक्षुके सप्तम पाटे । डाल जनेंद्रसा सु-हावै ॥ कहां लग करूं ओपमा वरणन । सुर गुरू पार न पावै ॥ प्र० ॥१ ॥ दोय वर्ष थया सरीरकारण पिण । दिन २ अधिक लखावै ॥ निरबल पणो फुन सोफ इत्या-दिक । अन्नकी रुच नहीं थावै ॥ प्र० ॥२ ॥ कारण करि वेदन बहु तोपिण । स्वकर कार्य करावै ॥ सूरवीर साहासीक पणोप्रभु । खातर मैं नहीं ल्यावै ॥ प्र० ॥ ३ ॥ सन्त कुमार चक्रीथया चौथा । सुत्रा मांहि बतावै ॥ जेहनी परे प्रभु वेद न खमरह्या । साहसपो दरसावै ॥ प्र० ॥ ४ ॥ गज सुख माल कुमार

बैरागी ॥ सोमल बैर काढावे । खैरका खीरा धरया शीशपर ॥ खद बद खीर पकावे । प्र० ॥५॥ सोमल पर कछु द्वेस न आण्यों ॥ अपणा कर्म उड़ावे ॥ जेहनी परे पमु सम परिणांमें बेदन सहन करावे । प्रभु तोरा च्यार तीर्थं० ॥ ६ ॥ अरजन माली थयो रुषेश्वर । भिच्या अवसर जावे ॥ घणा लोक देखीनै त्यांनै । बहु बिध कष्ट उपजावे ॥ प्र० ॥ ७ ॥ पिण मुनि राग द्वेस नहीं कियापर ॥ अपणांही संच्या हटावे । तेह नी परे प्रभु पंचम आरैमें ॥ चौथो आरो बरतावे ॥ प्र० ॥ ८ ॥ चरम जिनंद सह्या कष्ट घणेरा । सम चितनै सम भावे ॥ तेह जिसा आप भर्थक्षेत्रमें । दूजो को न लखावे ॥ प्र० ॥९॥ बहु बेदन तोही च्यार तीर्थंनै। भिन २ सीख दिरावै ॥ अमृत धारा बचन श्रवण सुण । सर्व भगन होय ज्यावे ॥ प्र० ॥

॥ १० ॥ महा विदेह सम क्षेतर लाड़णुं। ऐसा पुर्ष उद्धरावे ॥ धन्य घड़ी धन्य भाग्य जेहनो। स्वाम दर्शन नित पावे ॥ प्र० ॥ ॥ ११ ॥ कोड दीवाली तपो स्वामजी। एह अविलाष करावै ॥ जोरावर प्रणिपत जर थांरा ॥ हर्ष २ यश गावै ॥ प्र० ॥१२॥ संवत छासठ द्वितीया सावन सुद ॥ चौथ शुक्र कहिवावे ॥ सभा वीच गुण वरणन करके। वार २ वलिजावे ॥ प्र० ॥ १३ ॥ इति०।

अथ ढाल ८ आठमी राग हरिवसमें मेरी सहीयोए। आज म्हांरो लालन आवे लोए ॥ एदेशी० सहर अजेणी दीपतो। जात पीपाडा सार ॥ लाल कन्हीयाको लाडलो। जडांवां कूल उजार ॥ म्हांरा ग्यानी गुरूजी वो थांरे। सुख साता अब थाव ज्यो ॥ म्हांरो मन हुलसावे। म्हांरो तन विकसावे म्हांरो उमग न मावे ॥ म्हांरा पुज वड़भागी

वो थांरै ॥ सुख साता अज थाव ज्यो ॥१॥
एम्हां० ॥ मुनिपट भिक्षुके छजै ॥ डालचंद
सुखकार ॥ भर्थ मैं प्रगट्यो भान ज्युं ।
मिथ्या ध्वांत बिडार ॥ म्हां० ॥ २ ॥ सरीर
कारण बहु बिधकारी । खम रह्या दृढ़ता
धार ॥ मंदिर गिर सम स्वामजी । अडिग
भाव अपार ॥ म्हां० ॥ ३ ॥ बसेष औषध
लेवे नहीं । साहस सीक सिरदार ॥ परवा
नही कोई बातरी । तरण तारण रो विचार
॥ म्हां० ॥ ४ ॥ सूरो पूरष रणनै बिखै ॥
अरियण करै संघार ॥ जिम प्रभु कर्म रीपू
भणी ॥ कापे बिवध प्रकार ॥ म्हां ॥ ५ ॥
देश २ मैं थांहरा । चावै शुभ समीचार ॥
बाट जोवै बहु प्राणीयां । ज्यु चकवी दिन-
कार ॥ म्हां० ॥६॥ हुवे तन द्रु सती आपरै ।
इम चाहै नर नार ॥ च्यार तीर्थमें आनन्द
हुवे । बरतै मंगलाचार ॥ म्हां० ॥७॥ साता

हुवां श्रीपूजरै। होसी जय जयकार॥ एह अविलाषा मांहरी। पूरवसे किरतार॥ ॥ म्हां० ॥ ८ ॥ जोरावरकी वीनती। मानो प्राणां धार॥ सावन सुद नवमी दिनें॥ पमणत हर्ष अपार॥ म्हां० ॥ ६ ॥ इति०

अथ ढाल ६ नवमीं राग० तरकारी लेल्यो मालण आई बीकानेरकी॥ तर० ॥ एदेशी० सरणां भवि लेल्यो डाल मुनिन्द गण वृन्दके। सर० एमां० डाल गणि-न्दके सरणां सेती। पामै भव जल पारो॥ दुःख संकट सबही मिट जावै। होज्यावै निस्तारोरे॥ सर० ॥ १ ॥ स्वाम भिक्षणको पाट सातमों। डाल दिपा बनहारी॥ अथँ वेचरसें सिंह जिम गुंजै। साहस जिन अनु हारोरे ॥ सर० ॥ २ ॥ शशी सम शीतल वदन तिहारो। तेजस्वी दिनकारो॥ भव भय भंजन जन मन रंजन। शिव मगके

दातारोरे ॥ सर० ॥३॥ शील रूप रथ सझ्यो सजीलो । तीन गुप्ति असवारो ॥ ध्यान रूपी ये गजकर घूमै । बुद्धि तुरंग विचारोरे ॥ सर० ॥४॥ पंच महाव्रत सुभट विकट अति । सैन्या सुयश अपारो ॥ तपकी तोप ज्ञान गोलासें । अन्य मतकों फटकारोरे ॥ सर० ॥ ॥ ५ ॥ सुमति रूप कस कमर कटारी । त्रण्यां खड्ग करधारो ॥ जयना रूकी ढाल ढकणथी । आवत कर्म विडारोरे ॥ सर०॥६॥ बहु विध मोह विकट दल ठेलण । पाखंड पेलणहारो ॥ सुत्र सिद्धान्त बचन घन गरजत वाजत जिम जल धारोरे ॥ सर० ॥७॥ जो भवि जन तोरा गुणगासी। देसी पूठ संसारो ॥ कर्म खपावी शिवपद वरसी । करणी खेवो पारोरे ॥८॥ पैंसठ जेठ सुक्ल पक्ष बारस लाडणुं सहर मंझारो। जोरावर तुम चरणां मैं चित ॥ सरणांके आधारोरे ॥ सर० ॥९॥ इति०

अथ ढाल १० दशमीं राग ५ ठेमरकी
अम्मा मुजे अच्छीसी टोपी मंगादे० पदेशी०
स्वामी मोरी नइयाको पार लंघादे पार
लंघादेर मुक्ति तो मोय बकसादे ॥ स्वा० ॥
एभां ॥ चरणों मे लेटुंगा ॥ दुःख दंद मे
टूंगा ॥ वारुंगा तन मन हां हां हां ॥ प्रान
करूं र कुरबान हमहम हम ॥ स्वामी० ॥१॥
राग० दुसरी अमवाकी डाली तले आलीरी
झुलना झुलादे० पदेशी० ॥ मज धारासें
नइया ॥ स्वामीरी पार लंघादे० म० मेरे
पुज्य सेती करत परज ॥ अरजीपे मरजी
करादे० म० एभां० लंघांने वाला तुंहीं है
सिरताज भला ॥ तिहारी मुद्रा मोहनचंद
उजास भला ॥ कब दिखलाते तखत ह-
जारा भला ॥ दर्शप्रीयारे हय तो सबजनकों
लागे भला ॥ प्यारी लासानी है प्यारी
नुरानी है सूरत सोहानी है ॥ तुं मुजपार

तंवारे ॥ म० १ ॥ राग० तीसरी चलती चमला चंचल चाल० एदेशी० मुज लागत प्यारी भारी डाल गर्याँदक्षिव तोरी ॥ सिद्धान्त बचन भल बोलै ॥ बयनन अमृत रस घोलै० । सुण भविमन बहु हर्ष भयोरी ॥ मु० एआं० ॥ जलदी तारो मुज भणी करदे नइया पार ॥ सरण गहेको बांहकों पकर करो भव पार ॥ आहाहा बंइयां मोरी ॥ ओहोहो आप गहोरी ॥ भव बार सेती पार करोरी ॥ सुज० ॥ २ ॥ राग चौथी तोरी छल बल है न्यारी तोरी कलबल है प्यारी ॥ एदेसी० तोरे सासनकी छिबभारी ॥ जैसें खिलरही कैसर क्यारी ॥ थांरा संत सती गुणभारी मोरे स्वाम० एआं० ॥ च्यार तीर्थनित करता दर्शन ॥ दर्शन कर होता परसन मोरे स्वाम ॥ नित जपता है जाप ॥ तोरी धरता है छाप ॥ ज्यांरा काटता है पाप ॥ एजी

बाबाबा- बाबाबा बाबाबा एजी बाबाबा तोरे सांसनकी छिब भारी० ॥ ४ ॥ राग० पांचमी० बटवा गूंदण देरे मोजानीडा० एदेशी० नइया पार लंघादे मोरे पुजजी नइया पार लंघां० ॥ हांरे मोरे प्यारे सुखकारे प्रभुजी मोरी नइया पार लंघा ॥ एआं० जोरावर तोरे दर्शको प्यासो ॥ हर्षर गुण गाय ॥ नित उठ तोरा जपन करत है ॥ तन मनथी लिवलाय ॥ मोरे प्यारे० नइया० ॥ ५ ॥ इति० ।

अथ ढाल ११ एका दशमी० राग० प्रभाती: वा कालींगडो ॥ प्रात उठी श्रीडाल गणिंदको भजन करी भवि भाव धरी ॥ संकट कोट कटे भव संचित ज्यो ध्यावे मन उमंग करी ॥ प्रा० एआं० सहर उज्जेणी देश मालवो ॥ ओश वंश अवतार धरी ॥ मात जड़ावां तात कनीलाल ॥ तास घरे

बहु लील करी ॥ प्रा० ॥ १ ॥ उगणीसै नव कें गणि जन्म्यां ॥ ते वीसै संयम सखरी ॥ चोपन माघ वदी दुतिया दिन ॥ भिचु गणिंदको तख्त वरी ॥ प्रा० ॥ २॥ बहु सुत्र सिद्धान्त विलोकी ॥ काव्य श्लोक अरु छन्द पदरी ॥ ज्ञान घटा घण जन घट घाली ॥ देश विदेश मांहे विचरी ॥ प्रा० ३ ॥ विच-रत २ वर्ष पैंसठें ॥ चौमासो कियो हुलस धरी ॥ चंदेरीमें ठाठ लगायो ॥ वरषायो बहु ज्ञान झरी ॥ प्रा० ॥ ४ ॥ चौमासो उतरीयां विहार करायो ॥ पिण कारण कम सत्ति भरी ॥ विहार कस्यो नहीं गयो स्वाम जब ॥ दुसर चौमासो कियो फरी ॥ प्रा० ॥ ॥ ५ ॥ शरीर निपट गयो छीज दिनोंदिन ॥ अन्नकी रुच पण कमती परी ॥ सूर वीर साहसीक पणे प्रभु ॥ काट्या संचित कर्म अरी ॥ प्रा० ॥ ६ ॥ च्यार तीर्थने बहु विध

करके सीखामण दीधी जबरी ॥ सर्व जीवोंसें किया खांमणा ॥ बार बार मुखसें उचरी प्रा०॥७॥ भाद्रव शुद बारस संध्याको ॥ प्रतिक्रमण शुध भावकरीं ॥ अठ दश पाप आलोवी स्वामजी ॥ पहुंता गणिवर स्वर्ग सरी ॥ प्रा० ॥ ८ ॥ इण कलुकालमें एहवो गणिवर दीपायो जिन मार्ग खरी ॥ याद आया तनमन विकसावे ॥ भवि जनके हिय उल्लसरी ॥ प्रा० ॥९॥ जोरावर है दाश आपको ॥ जपन करत पल घरी घरी ॥ उर बिच ध्यान लग्यो गणि तेरो ॥ एरावत ज्युं वन कजरी ॥ प्रा० ॥ १० ॥ छासठ संवत कुंवार शुक्ल पक्ष ॥ परव दशेरो दिन जबरी ॥ हर्षर गणिवर गुण गाया ॥ कलकत्तो है महानगरी ॥ प्रा० ॥ ११ ॥ इति ।

अथ श्री डालचंदजी म्हाराजके गुणांका समस्या पूरतीका श्लोक ॥ समस्या एह के

डाल गुरू गणिके गुणगायो० ॥ देश विदेश फिस्यो बहुतोपिण ॥ डाल जिसो गुरू कोयन पायो ॥ सांसन नंदन बन्न सो देखके मोमन हर्ष बछोरे सवायो ॥ पुन्य अंकूर प्रगट भयो जब ॥ स्वाम भिक्खनको मारगपायो ॥ स्योपुर सुंदर नार बरन कूं ॥ डाल गुरू गणिके गुण गायो ॥१॥ उदै भयो उदिया चल सो गणि ॥ भिक्षुको मार्ग भलोही दि-पायो ॥ घालत ज्ञानको जोत घनाघट ॥ मिथ्यात् रूप अंधार मिटायो ॥ तारक स्वाम सबे बिध लायक ॥ पेख छटा मुज आनन्द आयो ॥ स्योपुर सुंदर नार बरन कुं डाल गुरू गणिके गुण गायो ॥ २ ॥ इति० ।

अथ श्री जेठांजी महा सतियांजी री ढाल ॥ राग मति जावो प्ररदेश भंवरजी होय रोटी देणां ॥ एह चालमें० ॥ भजो सति जेठांजी भारी ॥ सबं शत्यांमें शोभरह्या

है ज्युं केसर क्यारी ॥ ए आं० ॥ चुरु सहर ओश वंश नीको ॥ जात नाहेटा अधिक दीपता सारां शिर टीको ॥भ०॥१॥ पिता सेवा रामजी सुखकारी ॥ कानाजी री कुच्छ आन कर लीनो अवतारी ॥ भ० ॥ २ ॥ उगणीसे एक संवत धारी ॥ जन्म भयो शुभ घड़ी नच्चत्र ॥ शुभ बेल्यां सारी ॥ भ० ॥ ३ ॥ मात पितु व्याह रचो भारी ॥ सुगन मलजी बेद पति वर पायो सुविचारी ॥ भ० ॥४ ॥ पूरब क्रुत कर्म उदै आई ॥ पति बियोगथयो अति मनमैं ॥ वैराग्य हद लाई ॥ भ० ॥ ॥ ५ ॥ जगत सुख जहर समां जाणी ॥ उगणीसै बीसै दिक्षा लीधी ॥ संवेग चित आणी ॥ भ० ॥६॥ अति मुख निरमल जिमचंदा ॥ जीत गणींको सेवा सारी ॥ तन मन हुलसन्दा ॥ भ० ॥ ७ ॥ जीत गणि परसनचित कीनो ॥ अतियां मांहि अधिक कायदो थांरो

कर दीनो ॥ भ० ॥ ८ ॥ मघवा गणि मांणक यश धारी ॥ तास चाकरी बहु विध कीधी ॥ हित चित लिव लारी ॥ भ० ॥ ६ ॥ डाल गणि गुण संपन जाणी ॥ पवि तरणीको पदवी दीधी ॥ कीधी अधिकाणी ॥ भ०॥१०॥ गणांधिप डाल जवर गूंजै ॥ तास पुरण मरजी थांउपर ॥ प्रवल पुन्य पुंजै ॥ भ० ॥ ११ ॥ सर्व सतियांनै सुमति देवो । माइत पणांकी मरजी करणे ॥ सहु संभाल लेवो ॥ भजो० ॥ १२ ॥ प्रात समर्णां थी कर्म टूटै । सुखड़ो देख्यां पातिक नाठै ॥ दुरगति दुःख छूटै ॥ भजो० ॥ १३ ॥ जोरावर लुल २ शिरनावे । निस दिन ध्यान धरै उर भीतर ॥ मरजी तुम चावै ॥ भजो० ॥१४ ॥ संवत उगणी से छासठ आयो । श्रावन वदि छठ कलकत्ता में गुण तोरा गायो ॥ भजो ॥ ॥ १५ ॥ इति० ।

अथ श्री उपदेशकी ढाल ॥ राग० मोरा जंगामें जोबन लूंटारे२ ॥ लूंटा लुंटा लुंटा ॥ मोरा० एदेशी० जरा जाग जिया क्यूं सो तारे२ ॥ सोता सोता सोता ॥ जरा० एआं० दोय घड़ीको तड़को रह गयो ॥ अहेल जन्म क्यूं खोता ॥ जरा० ॥१ ॥ भव सागर कारागृह सरिखो ॥ कुटम्ब विटम्ब दुःख दोता ॥ जरा० ॥ २ ॥ जोबन लहरी रंग पतंग सम ॥ चपल विजल चम कोता ॥ जरा० ॥ ३ ॥ पुत्र कलत्र घर अरु संपत ॥ सहु अथिर समझोता ॥ जरा० ॥४॥ मोह नींद वस भयोरे दिवानो ॥ निज गुण अम्बु छिपोता ॥ जरा० ॥ ५ ॥ तुज गुण ज्ञान दर्शन चारित्र तप ॥ जिसकुं कांय लकोता । जरा० ॥६॥ कुगुरु वेषधार हृदयमें ॥ जहर बीज क्युं बोता ॥ जरा० ॥ ७ ॥ कुगुरु कु देव प्रसाद चेतानंद ॥ खाय कुगतिमें गोता

॥ जरा० ॥८॥ सुगुरू सुदेव सुधर्म प्रसादे। ज्ञान दीपक घट जोता ॥ जरा० ॥ ६ ॥ जपतप संयम धर सुध करणी ॥ कर्म मेल सहु धोता ॥ जरा० ॥ १० ॥ जोरावर कहै प्रभु भजन बिन ॥ कोई न पार पू गोता ॥ जरा० ॥ ११ ॥ इति० ।

अथ श्री मांणक गणिके गुणांको सत्वन ॥ राग० ॥ छाइ घटा गिगनमैं कारी ॥ राजल कुं ब्रहा दुःखभारी ॥ एदेशी० मांणक गणिराज उद्धारी ॥ में जाउं तुज बलिहारी ॥ एआं० भिन्नु भारी माल ऋषिरायो ॥ जय गणपत कलश चढ़ायो । ज्यांरो दिन२ तेज सवायो ॥ वांसांसण खूब दिपायो ॥ सुयश चिहुं दिश बिच छायो ॥ भविजन मन सुण हर्षायो ॥ झड़० पंचमें मघराज उदारी ॥ ज्यांरी शोम्य प्रकृत सुख कारी ॥ ज्यांनै याद करै नर नारी ॥तोड़०

गणि ऐसा भव तरणा मांय ॥ अर्थरै मांय ॥ पाखंड दियो टारी ॥ मैं० ॥ १ ॥ मघराज तणै पटधारी ॥ माणक गणि जगमें उद्धारी । दीपत जिम तेज दिनारी ॥ सहु आय नमै नर नारी ॥ ज्यांरो पाट दीप रह्यो भारी ॥ ज्यूं खिल रही केसर क्यारी ॥ झड० ज्यांरो तीर्थ जगमें गाजै ॥ नंदन बन ओपमछाजै ॥ रमियां भव दुख सहु भाजै ॥ तोड० गणि राज तीर्थ सुखकार ॥ दर्श दिलधार ॥ तिरै भवपारी ॥ मैं० ॥ २ ॥ षट् त्रस गुणै धर खंता ॥ परिसा बावीस जिपंता ॥ अणा-चार बावन टारंता ॥ शुद्ध अहार पाणी भोगंता ॥ गणि सुत्र अर्थ भाषंता ॥ घनश्चिय बीहै समकित तंता ॥ झड० मुनि आगम नै अनुसारै ॥ गणि बचन वदै सुख कारै ॥ तरता निज पर जन तारै ॥ तोड़० गणि ऐसो है गुण धारी ॥ सुत्त दातारी ॥ भवन

के बारी ॥ मे० ॥ ३ ॥ वर्षे जलधर जिम वाणी वलि गूंजे सिंह समांणी ॥ वाणी रस संवेग पिछांणी ॥ पिवे जन प्रेम प्रमांणी ॥ सुण चातक मन हर्षांणी ॥ केइ संयम ले शुध प्राणी ॥ भड० गणि भवि जीवांने तारे। भवनां दुःख भंजण हारे ॥ करता गणि पर उपगारे ॥ तोड० गणि रतनगढ़ मझधार ॥ कियो उपगार ॥ दर्श दिय भारी ॥ मे० ॥४॥ षट् खंड जेम षट्मत्ता ॥ गणि चक्रि जिम साधंता ॥ क्षम्यां खड्ग धर खंता ॥ गणि नव निधि वाड सोहंता । गणिनां दर्शण पावंता ॥ केइ जग विरला पुन्य वंता ॥ झड० इम गणि गुण अन्तन थाये ॥ किम एक जीभ कहाये ॥ वीरांणो रतनगढ़ मांये ॥ तोड० एह वीनती मंगल कार ॥ अर्ज अवधार ॥ तारो भवपारी ॥ मे० ॥ ५ ॥ इति० ।

॥ अथःढाल लीष्यते ॥ चाल लावनीकी ॥
॥ भविगणीमुख चंदा ॥ दर्शनकरहरषैनैनच-
कोरजी । भवि० दर्शं०

आदनसु अरिहंत आदजिन सांसनमा
हाहितकार । चरमजिनंद महावीरजीसथां
रोपंथसदासुखसार । सुधर्म जंबुआदपाटो
धर परभवदिकलीयो धार । तिण अनुसारै
इणहीजआरै भिक्षुगुणभंडार । उडावनीः ॥
पाटोधरभारिमालजी । रायरीषीरीधवंत। जैः
मघःमांणकलालपाटवी । डालचंदपुनवंतपंथ
धरवीरजिनंदा ॥ दर्शन ॥ १ ॥ मनोहरमाल
वदेशमैसकांई नगरउजैनी सार । उसवंसक
वडूधकउपतापीपाडाधरप्यार । साहकनई
यालालजीसघरसती जडावांनार । तास
कुक्षअवतारलीयो प्रभुगुणमनीरयणभंडार ।
उ० नौकेसुद आसाढनी । चोथचंद्रसुभवार ।
सुतमुखचंद्र विलोकतांसकांइ । वरत्याजैजै-

कार । धारमनइधककआनंदा । दर्श या० ॥२॥
पतीवियोगजोगलीयो माता । सहीवीसके
साल। दिक्षादिनपटलावर महोछवइं द्रघटाढ्ग
चाल। सतीगोमांजीहाथहरषस्युं आपअच्छा
पुनपाल । तेइस के भादो वदवारस आप
चरणगुणमाल ।उ० उमरवरसदश च्यारकी ।
रक्षावालब्रह्मचार । चरणगांवइं दोर दिक्षा
गुरुहीरालालअणगार । सारसुखसंयमहंदा ।
दर्श या ॥ ३ ॥ इकतीसैकीसालगणा धिपसिं-
घाडोसुखकार । संतचहुं नाथट्ठसुंसकांइक-
रतो भक्तिनिसतार। कच्छगुजरातमेवाडमालवै
विवुधकियोउपगार । चोपनपोषवदीजोधानै
चौथगनीपदधार। उ० दूजमहावदीलाडनुं ।
च्यारतीर्थजिनचंद । भिक्षुतखतवीराजीयास
कांइ। साढसजेमजिनंद । इंदजिमछटादि
पंदा ॥दर्श या॥४॥ षट्दसउपमओपैगनपतउत-
राधैनमंझार । दसमें अंगेतीसकहीचोरासी

अनुयोगद्वार ॥ युग परकार छवीसगुनाधर सुत्रआवस्यकसार। यतिधर्मंदशविधनाधारी सामायंग सुखकार । उ० दोष बयांलीस टालता । बावनटालैअनाचार पांचदोषमां-डलैराटालै । गुनकरग्यानभंडार। घारसंपद अष्टदा ॥ दर्शण ॥ ५ ॥ जिमगजरथबाजी प्यादलकर चक्रवरतदलसूर । तिमगणिनांण चरणतपदर्शन मिथ्यातिम्नकरदूर । क्षमाना ल संतोष जामखोग्यांनगोलाभरपूर। मुगत नगरमर दिया मोरचा अष्टकर्मंदल चूर । उ० सुरत अश्वचढियागणी । सीलटोप सुखदाय । सुमत कामरकस गुप्त कटारी । मारी च्यारकषाय । जाय अगदूर भगंदा ॥ दर्शण ॥ ६ ॥ अहिरावण सांसन मदमाता निसदिनधर्म उद्योत । मनमाहुतवसकीनो-जरनो अंकुसके समजोत । पंचाननजिमगाज मेगुंजेदिनकरतेज सद्योत। अविभयभंजन

नरकनिवारण तारण अवनीपोत । उ०
दादुरजिम हरषितभये । उदैचंद अवदात ।
संतसत्यांगुणमाला गावण । हुकमकरोगनी
नाथ । तातकनिलालके नंदा । दरशण ॥७॥
राम लाल गोविन्द जुहार मल १३
पृथी राज ४ मन रंग ॥ राम सुख ५ गणे-
श पन्ने लाल ७ छबील ८ माता संग ॥
उदै राम ६ सैंजोडै ईश्वर १० आगै नार-
उमंग ॥ क्रोज मल ब्रह्मचारी नवल ॥१२॥
नारी लारै उम्ररंग ॥ उ० राम चंद १३
छजमालजी ॥१४ ॥ जवानमल गुणखान ॥
सिवकरण १६ अभैराज १७ अठारा ॥ पनरै
कुंवाराजाण आण धरजीत मुनिंदा ॥ द० ॥८॥
भजोकजोडीमल १ चांदमल २ अणंदराम
३ चुनीलाल ॥ ४ अमरचन्द ५ गोरीदास
पुनम चंद ६ दुजापन्नालाल ८ ॥ मगन
मल ६ कालुराम १० जेयचंद ११ तीजु-

मातासंगपाल ॥ डायमल १२ मुनि भजो चिरंजी १३ छगनमल १४ गुणमाल ॥ उ० पंचमपट पांचुंदमी मुनिमघवाधरी आण ॥ दोयपरणीज्यावारै कुंवारा॥ एचवदैगुणठाण ॥ जाणलियासहुजगफंदा॥ द०॥९॥ लीलाधर१ मुनिध्यान धरत है दुलीचंद २ दिनकार ॥ दीपचंद ३ मुनिखेमराज ४ सुत साथे संयमधार ॥ भजोभीमजी ५ मातासाथे छोडदियो घरसार ॥ नथराज ६ भगनी शुभ लघिनिजरकंवर निस्तार ॥ उ० साकरचंद ७ कस्तूरजी ८ मांणकहदमुनि आठ ॥ वर-तारामैतेजमाल ९ चरणदेइबिराज्यापाट ॥ ठाठ गणिराजमुनिंदा ॥ द० ॥ १० ॥ कालु राम माता टयासुत ब्रह्मचारी १ सतमाल २ ॥ कल्यानमल ३ नरंजन ४ नथमल ५ विनायक ६ छंगालाल ७ ॥ पन्नालाल ८ पृथाप्रतबोधी जेमल ९ जाणीजाल ॥ फूस-

राज १० दौलतराम ११ जोरजी १२ रुघ-
नाथ १३ रंगलाल १४॥ उ० परतावराम १५
हीरालालजी १६ सागर १७ बक्तमल १८
ख्यात ॥ दुजा चंपालाल १९ ठंडीराम २०
जैनमनोरांसाथं ॥ हाथगणिडाल मुनिंदा ॥
॥ द० ॥ ११ ॥ केसरीमल २१ कनकमल २२
कुन्दण २३ छोगमल २४ रणजीत २५॥ घासी
राम २६ गुलराज २७ संत सतवीस सहु-
सुबनीत ॥ केइकुंवारा केइयकपरण्यां सारां
पूज्यवनीत ॥ शल्यांदोयसै दस मुनि अड सठ
पूज्यआण धरप्रीत ॥ उ० ढालकहुंसतियां
तणी ॥ संप्रतविचरैख्यात ॥ रायऋषिवारा-
सुंलेकर ॥ सप्तमपट अवदात ॥ मातसति
जड़ावनंदा ॥ द० ॥ १२ ॥ प्रथम पवित्रणी
पयप्रणमी ॥ कहुंरायऋषिवार ॥ब्रह्मचारण
कस्तुरां १ जमां २ परणी संजमधार ॥ जीत-
वारै प्रथमचूनांजी १ रायकंवर २ ब्रह्म-

धार॥ भूरांजी ३ सैंजोड सुहागण ॥ दृथी-
चंदसंगधार ॥ उ० जेठांजी ४ जुगतोधरी
सब सतियां सिरमोड ॥ भवदुःख भंजन ॥
५विचित रंजन॥ अरिगंजन अघतोड ॥ मोड
दिया मोहदल फंदा॥द०॥१३॥ तीजां ५सती
सुहागण ब्रह्मण हस्तु ६ उदैकुंवार ७ लछुजी
८ भूमरतांजी ९ भजभुरांजी १० ब्रह्मचार ॥
जडावजी ११ सैं जोडमयाचंद ॥ मखतु १२
रहीकुंवार ॥ चांन्दां १३ सति सुहागणपति
इश्वरजी संयमलार ॥ उं० वीरां १४ जडावां
१५ लछमा १६ टोलां १७ सुतसंगधार ॥
फूलकंवारी १८ चंदणा १९ चिमना २०
चोथां २१ ग्याना २२ सार॥ तारनांनु २३
सुजहंदा० द० ॥ १४ ॥ हरखु २४ कुनणा
२५ रोधु २६ तोजां २७ साकर २८ सुन्दर
२९ सार ॥ सतिसुहागण मांनकंवर ३०
कुसमांजी ३१ सतिकुंवार ॥ कसुरां ३२

चंदा ३३ बिहुंपरणी गंगा ३४ सोरैकुंवार॥ फुलांजी ३६ महादेवां ३७ सुहागण ॥ रायकुंवर ३८ ब्रह्मचार॥ उ० कस्तुरां ३९ इंदोरकी ॥ मोजां ४० जयकुंवार ४१ बरजुजी ४२ ॥ नंदु ४३ छोटांजी ४४ सिरदारां ४५ प्राणा ४६ धार ॥ तारहीरां ४७ गोगंदा ४८ द० ॥ १५ ॥ चंपाजी ४९ बोरावडकेरी कस्तुरां ५० आमेट ॥जडाव ५१ सोरैकांवर ५२ बोरावडतीजां ५३ बकाणीनेट ॥ दुजीऊमां ५४ सतिचोपनमी । जोल वारा लगठेट ॥ हिव मुनिमघराज वारैनी ढाल गायकरु भेट ॥ उ० लीछमांजी १ ब्रह्मचारणी ॥ नांनु २ कुसम ३ राजान ४ नोलां ५ नोल मुनिके लारै॥ लियो चरण गुणखाण ॥ जाणसें जोडदियंदा ॥ द० ॥ १६ ॥ किस्तुरां ६ गोरांजी ७ नोजां ८ सिणगारां ९ मघुजी१० सति जुहारां ११ सुखां १२ भजल्यो ॥ सिण-

गांरां १३ फुनदुजी ॥ अम्मां १४ रुखमां १५
फूलां १६ गोगां १७ कालांजी १८ पै फूजी
१९॥ बालब्रह्म चारणजीतांजी २० रायकंवर
२१ रूपूजी २२ उ० ॥ धन्नां २३ सुतसंगसंयमी
॥ चंदां २४ गुलाब कुंवार २५ ॥ हीरां २६
भजो छोगांजी २७ सुत संग कानकंवर २८
ब्रह्मचार ॥ सार छोगां २९ सुखकंदा ॥ द० ॥
१७ ॥ सिरा ३० सति गंगाजी ३१ सुतसंग
भजल्यो सति जुहार ३२ ॥ भीखां ३३ सति
सुहागण मीरां ३४ तोजीसति सिणगार३५॥
केसरजी ३६ छोगां ३७ बीदासर ॥ सूजांजी
३८ सुखकार ॥ जडावजी ३९ आसांजी
४० तोजां ४१ जीतां ४२ बीजीधार ॥ उ० ॥
पैफां ४३ चानांजी ४४ भजो ॥ सिणगारा
४५ चोथी जाण ॥ पैफां ४६ दुसरी सुगनां
जी ४७ लग ॥ सात चालीस पीछा-
ण ॥ आंण पूरणमल नंदा ॥ द०॥

॥ १८ ॥ मांणकइद प्रथम लिछमांजी १
विरधां २ हस्तु ३ धार ॥ सति सुवटां ४
जड़ाव ५ कांवरां ६ रामकांवर ७ करपार
बरजु ८ सोना ९ सति सुहागण ॥ नांनु
१० निजरकांवार ११ मघु १२ चूना ॥ १३ दुजी
सोना १४ अणाचंग १५ बालां १६ सार ॥ उ०
धन्ना १७ चांना १८ लगनमुं ॥ षष्टमपटदश
आठ ॥ अबकहुं हजुरी ढाल सात्यांनी ॥ मेट
भर्म ओचाट ॥ काट मुज भवके फंदा ॥ द०
१९ ॥ सासु १ बहु २ बेहुं नांव दाखांजी
बहु सुहागण ख्यात ॥ कालुरामजी पतिसें
जोड़े सुत्त सतमल साथ ॥ सति सुहागण
नमुंनाथांजी ३ पृथीराज मुनिहाथ ॥ खेमुंजी
४ चंपा ५ इन्द्रुजी ६ ओशवंश अखियात ॥
उ० रंभो ७ सति सुहागणी ॥ सीरीपालसें
जोड़ ॥ सुताखुमाणा ८ संग कुंवारी ॥ लाड
कुंवर ९ कर कोड ॥ छोड़ दिया सगपण

फंदा ॥ द० ॥ २० ॥ डूमरतां १० सुन्दरजी
११ भूरां १२ सुगना १३ सुगण अपार ॥
दुजी डूमरतां १४ हीरां १५ सुखां १६ हेतु
१७ तखतां १८ तार ॥ पैफांजी १९ सोना
२० सुखदेवां २१ केसर २२ सेरां २३ सोर ॥
रतनांजी २४ चानांजी २५ भतु २६ लाधां
२७ चंपा २८ धार ॥ उ० जमना २९ जल-
जिम निरमली ॥ लिछमांजी ३० मूंमास ॥
दुजीचानां ३१ भेजो हगामां ३२ सति अमे
दां ३३ खास ॥ पास पन्नालाल मुनिंदा
॥ द० ॥ २१ हेमांजी ३४ पन्नाजी ३५ मघां
३६ जीवुजी ३७ जगतार ॥ मोलांजी ३८
एजणजी ३९ भजल्यो ॥ बखतावर ४० सिर-
दार ॥ ४१ भजोहगामां ४२ भूरां ४३ग्यानां
४४ ॥ छोगां ४५ पुलीलार ॥ परतावांजी
४६ भजो सुवटां ४७ राखांजी ४८ दिल-
धार ॥ उ० जडाव ४९ फूलांजी ५० भजो ॥

फुनजडाव ५१ दोनुधार नोजांजी ५३
लाभुजी ५४ दिरयां ५५ दुन्दु ५६ दुजीतार॥
सारगोगां ५७ सुखद्दंदा ॥ द० ॥ २२ ॥ ब-
गसु ५८ सुंगना ५९ हुलासांजी ६० फुन॥
मंगनुं ६१ पुरमेवाड ॥ भूरां ६२ मलाणी ॥
गीगांजी ६३ फुन ॥ भूरां ६४ टाटगढवार॥
पारवतां ६५ जतना ६६ भजचानां ६७ ॥
सोना ६८ वेहुंसंगधार ॥ जडाव ६९ चोथी
मनोहरकांवरी ७० चरणभादूकीलार ॥ ७०
भूरां ७१ चानां ७२ नांनु ७३ तिहुं ॥
साथे संजमभार ॥ हुलासांजी ७४ संगकेसर
कांवरी ७५ अतिबालक हुसियार ॥ धारचर्ण
लियो मुनिंदा ॥ द० ॥ २३ सरदार सहर
की सतिजडावा ७६ रीणासुन्द्र सोभंती
७७ बीदासर कीभतु ७८ सुतासंग मखु ७९
सुखमुलकांती ॥ सिरसांजी ८० दाखांजी
८१ चोथी दुजी ग्यानां ८२ गुणवंती ॥

नांनुजी-८३ पारवतां ८४ वेहुं चरण संग पुनवंती ॥ उ० अजबु ८५ चंपा ८६ तीसरी सति पियारां ८७ सार ॥ हस्त ८८ टाखां ८९ मा जाडू बेनां चरण संग लियो धार ॥ सार संयम सुख कंदा ॥ द० ॥ २४ ॥ राय ऋषि बारानी भजल्यो ॥ सतियां दोय जगीस ॥ जीत बाराना संत चढारा सतियां युग सात बीस ॥ मुनि मघराज आद संत चवधा ॥ सतियां सात चालीस ॥ मांणक हद मुनि नव निद्धि सम ॥ सत्यां तास बिमणीस-उ० वारै हजुरी जांण ज्यो ॥ संत ठाणां सतावीस ॥ सत्यां नव असीधर जुमलै ॥ ढाडूसो नै अठवीस ॥ बीस सात गुणां धरंदा ॥ द० ॥ २५ ॥ चौमासो प्रथम पच-पन को सहर लाडणुं खास ॥ छप्पनको सर-दार सहर ॥ सत्तावन को बीदास ॥ अठाव नो राजाणो जारी आप कियो प्रकास ॥

गुण सठ साल जोधपुर ॥ साठे सुजाणगढ़ सुख वास ॥ उ० इकसठ चूरू फुन लाडणुं वासठ बीजी वार सरदार सहर त्रेसठको ॥ चोसठ बिदासर सुख कार ॥ वार अब म्हांरे मुनिंदा ॥ द० ॥ ॥ २६ ॥ चोसठ माघ सुदी बुधवारी ॥ चोथ लाडणुं न्हाल ॥ वेद उदैचंद जोड़ बणाइ ॥ संत सत्यां गुणमाल ॥ मैं तो म्हांरी जाण मैं सकांइ ॥ अनुक्रमें कही ढाल ॥ आघोपाछो नाम हुवै तो ॥ क्षमा करो दयाल ॥ उ० चोमासैकी अर्ज है ॥ पूरो मनरा कोड राजा थें का आया पुज्यसें अर्ज करे कर जोड ॥ मोड सिरनमण करंदा० ॥ द० ॥ २७ ॥ इति०

अथ श्रीडालचंदजी महाराजके गुणां की ढाल० रागथियेटर की०

हाय सितम गजब हुआ सापुंने मुजको डस लिया ॥ इहांसैं खाये इहांसैं खाये इहांसैं

मुजकों तोड लिया। नीलावदन मेरा हो गया। साधु का जहर चढ़ गया। हाय० एदेशी ॥ स्वांम चर्ण सर्ण तरण ॥ कर्ण भव पार है॥ एआंकडी ॥ भिक्षु पाट सप्तम थाट ॥ गहगाट गुंण माट ॥ मिथ्या छोत खोत धोत ॥ पोत हंस धार है ॥ स्वां० ॥ १ ॥ गुंण छतीस बुध वतीस॥ तजी रीस विश्वा वीस ॥ ज्ञांन खांन मीठीवांन ॥ जिम चीरोद-धार है ॥ स्वां० ॥ २ ॥ अहो तुज सांति दांति चांति क्रांति कीर ज्यु ॥ देखत पेखत परमानंद॥ भविक मन मभार है ॥ स्वां० ॥ ॥ ३ ॥ अघ हटार कर्मविडार ॥ संगत सार तात सम ॥ सोहनी सूरत मोहनी मूरत ॥ इछा पूरत मंदार हैं ॥ स्वां ॥ ४ ॥ गरीब निवाज ताज आज ॥ साज काज दुःख भाज ॥ दीनदयाल तुं ही क्रपाल ॥ अरज निहाल सार हैं ॥ स्वां० ॥ ५ ॥ शिव

वधु बरवा भवदधि तरवा ॥ करवा तन कल्याणको ॥ टुक महर करो भव फेराहरो ॥ तुम चरण सरण जगतार हैं ॥ स्वां० ६ ॥ दीना नाथ साथ आथं ॥ वार२ जोडी हाथ पल २ वंदुं पाप निकंदुं ॥ भेटत तुमदी दार हैं ॥ ७ ॥ स्वाम० ॥ इति दुलीचंदजी साम सुखा क्रत पूज्य गुण वर्णनं समाप्तं ॥

अथ ढाल लीख्यते देसी क्रसन गुजरी का ख्याल की : दान देजा गुजर चंद्रावली मोय दान देजा गुजर चंद्रावली: दान हमारो देजा गुज़री जब जाणे दुं आगे व्रज भोम चौरासी बन मै दान हमारो लागे: दान देजा इण चाल मांही छै०

डालु गणी फुली है गण फुलवारी: गणी तोरी फुली है गण फुलवारी ॥ एआ० श्री भिक्षुके सप्तम पाटे ॥ डालम गणी बन-माली ॥ अहो स्वामी श्री भिक्षुके सप्त-

न पाटे डालम गणी बन माली ॥ नंदन बन समएह गण नीको सदा रहो खुश-याली ॥ गणी ॥ १ ॥ संत भुंड सुर तरुसा सांचा । श्रावक तरु सी कारी २ ॥ चिन्ता वेल असगि है चावि । श्राविका वीसर क्यारी ॥ गणी ॥ २ ॥ दृढ नीर सुख करुणा वारि । सींचत सम कित मूल २ ॥ सीमां श्रोट कोट करणीको । तप संजम है फूल ॥ गणि० ॥ ३ ॥ सिद्धा सूर करत छतीसखरी । कापे कुवद्य त्रण पूर २ ॥ ज्ञान गीलोल गोफणीगेरी । करता बाहर कूर लंगूर ॥ गणि० ॥ ४ ॥ सुयश सुगंध छायो तिहुं लोकि रहे इंद्रादि लोभाइ ॥ अली मन डालु पंकज सेवी । ल्यो फल शिव सुखदाइ ॥ गणि० ॥ ५ ॥ गोर करि नै अरजौ सुणियो जैपुर सहर पधारो ॥ चातग मोर ज्यूं घन जोवै तो चावै नर

भारी ॥ गणि०॥६॥ वेद रितु गृह शशि अरु अदवे सित तपा सप्तमी सारी ॥ सुजाण मल सुरी गुण गाया । लाडणु सहर मंझारी गणि० ॥ ७ ॥ इति०

अथ श्री भिक्षणजी स्वामी के गुणांकी ढाल ॥ श्रावक सोभजी कृत० श्री जिन भाषी सरधा राखी ॥ अरि हंत ज्युं आचारी रे ॥ मिथ्यात कूपीयो मोटा मुनिस्वर मेट दियो अंधकारोरे ॥ कोइ धारोरे २ श्री पुज्य शिक्षो शिर धारोरे ॥ १ ॥ ज्युं कोइ स्हुरो रण मैं जुझै ॥ ज्युं अजियां बिच न्हारोरे ॥ ज्युं जिन मत्तमैं पुज्य भिक्षण जी ॥ पाखंड पोलण हारोरे ॥ कोइ० ॥ २ ॥ घाट घणो पिण शिक्षो पड्यां बिन । कुण झेले हाथ अझारोरे ॥ ज्युं समकित शिक्षो पुज्य दियो जब ॥ चाल्या तीर्थ च्यारोरे ॥ कोइ० ॥ ३ ॥ ज्युं काष्ट की ज्यांझ

चलावै ॥ समुंद्र मांखे फारोरे ॥ शोभ कहै थानै भवसागर थी ॥ श्रीपुज्य उतारै पारोरे ॥ कोई० ॥४॥ पाषंड फूटीज्यारुं सरीखां लेडूवैला लारोरे ॥ असल साध भिखणजी स्वामी ॥ निराधार आधारोरे ॥ कोई० ॥५॥ श्रीपुज्य भिखणजीरी सरधा सुणियां ॥ पडे पाषंड मुवारोरे ॥ चेला चेली खोया कुमत्यां करकरकनियां कारोरे ॥ कोइ० ॥६॥ साध गुणां बिन युंहिज लूंटै ॥ औ परतख पाडे धाडोरे ॥ श्रीपुज्यजी चौडे बतावै ॥ अबतो आंख उघाडोरे ॥ कोई० ॥ ७ ॥ तीर्थंथापीने धर्म चलायो ॥ जाणै बीरनो बारोरे ॥ चौथे आरे बीर प्रगटिया ॥ श्रीपुज्य पंचम आरोरे ॥ कोइ० ॥८॥ ज्योपर भवमै सुख चाहोतो ॥ मानों शोभतणो मनुहारोरे ॥ नहीं मानों तो जोरीदावै ॥ देव पीठ परिहारोरे ॥ कोइ० ॥ ९ ॥

शोभ बचन थी बेमुख हुवोतो ॥ सुत्र अर्थ संभारोरे ॥ इण दृष्टान्ते दुरलभ लाधौ॥ ते नर भवकांइ हारोरे ॥ कोइ० ॥ १० ॥ एक दमडीरी हंडिया लेवैतो ॥ करै प्रिछा च्यारोरे ॥ पिण सत्तगुरुनें पाषंड मत्तरो ॥ पाप्यां काढो नहिं निस्तारोरे ॥ को० ॥११॥ पतिमूवां पछे विधवा हुवै ॥ तेसखै हया सिणगारोरे ॥ ज्यूंमुढपणेमें मग्न भयापिण ॥ नहीं संत सिर दारोरे ॥ कोइ० ॥१२॥ डाकण थइनै कपड़ा नाखे ॥ नलि-हुवे जरख असवारोरे ॥ ज्यु ग्रहस्थनै पाषंडी मिलिया ॥ तेकिम उतरै भवपारोरे ॥ कोइ० ॥ १३ ॥ शोभ कहे में एह सरीखा गुरु ॥ पाप्यांलाख हजारोरे ॥ श्रीपुज्य बिना भव-भवमे पचियो ॥ ज्यु भडभुंजानी भाडोरे ॥ कोइ० ॥१४॥ पाषंड मतमें काल करै तो ॥ जावै नर्क मंझारोरे ॥ परमाधामी देव नर्कमें ॥

